सोमवार

नालन्दा, 03.01.2025

नालन्दा नं0-1 अखबार

अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

पेज-01 वर्ष:1, अंक:9

www.apnanalanda.com

## कांटा-बाट लाइसेंस जल्द बनवाएं, नहीं तो होगी कानूनी कार्रवाई :-शत्रुंजय कुमार सिंह



इस्लामपुर (अपना नालंदा)। हिलसा के माप तौल निरीक्षक शत्रुंजय कुमार सिंह ने इस्लामपुर बाजार में कई लाइसेंसधारी दुकानदारों के कांटा–बाट की जांच की। साथ ही, उन्होंने कुछ दुकानदारों के लाइसेंस का सत्यापन किया और कुछ का लाइसेंस नवीनीकरण कराया। इस प्रक्रिया में विभाग को 54,550 रुपये की राशि प्राप्त हुई। इस अवसर पर शत्रुंजय कुमार सिंह ने बताया कि जो दुकानदार अपना लाइसेंस नवीनीकरण नहीं करवा पाए हैं, उन्हें जल्द से जल्द यह कार्य पूरा करने की आवश्यकता है। उन्होंने बिना लाइसेंसधारी दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उन्होंने अपना कांटा–बाट लाइसेंस नहीं बनवाया, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि विभाग अपने नियमों में कुछ बदलाव करने जा रहा है। यदि कोई लाइसेंसधारी डिफॉल्टर पाया जाता है, तो विभाग के नए नियम के तहत उनके खिलाफ स्वचालित रूप से केस दर्ज किया जाएगा। इस अवसर पर आकाश कुमार , राकेश कुमार, और सर्वेश कुमार भी उपस्थित थे।

## धान के पुंज में आग लगने से लाखों का नुकसान, पीड़ित ने प्रशासन से मदद की लगाई गुहार



हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय प्रखंड के छतियानां गांव के निशानी खंदा के खलिहान में रखे धान के पुंज में आग लगने से लगभग छः बीघे के धान कि फसल जलकर खाक हो गया।घटना बीते रात्रि की है। वहीं लोगों को इसकी भनक रविवार के अहले सुबह में लगी।आग लगने का कारण स्पष्ट रूप से किसी को कुछ नहीं पता चला है। किसान दिनेश महतो ने कहा कि ये आग किसी के द्वारा जान–बूझकर लगाया गया है। इधर आग लगने की खबर जैसे ही ग्रामीणों को लगी, तो गांव वाले आग पर काबू पाने के दौड़ पड़े। लेकिन आग की तेज लपटों के आगे किसी की एक न चली और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस घटना में सारा फसल जलकर खाक हो गया। वहीं ग्रामीणों द्वारा गांव में बोरिंग मशीन से लगातार दो घंटे पानी का छिड़काव किया गया। हालांकि बाद में फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी भी पहुंची। अगलगी की घटना में उक्त किसान का धान का फसल जलकर खाक हो गया।इधर आग लगने से किसानों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया है। पीडित किसान ने प्रशासन से उचित मुआवजा का गुहार लगाया है।

## सरकारें चुनावी ध्रुवीकरण का सहारा लेकर जनता की समस्याओं को नकार रही हैं:-संदीप सौरभ




### भाजपा का असल उद्देश्य देश को मनुस्मृति के आधार पर चलाना है:-कॉमरेड कुणाल

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी–लेनिनवादी) द्वारा आयोजित नालंदा और नवादा जिले के संघर्षरत ताकतों का समागम बिहारशरीफ के कर्पूरी टाउन हॉल में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में भाकपा माले के केंद्रीय कमेटी सदस्य और ब पालीगंज विधायक, कॉमरेड संदीप सौरभ ने मुख्य रूप से संबोधित करते हुए सरकार की नीतियों पर तीखा हमला किया और एकजुट होकर समाज में हो रहे अन्याय और उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष करने का आह्वान किया। कॉमरेड संदीप सौरभ ने कहा कि यह समागम न केवल नालंदा और नवादा जिलों का, बल्कि एक व्यापक आंदोलन का हिस्सा है जो 9 मार्च 2025 को पटना में होने वाले श्बदलो बिहार महाजुटानश कार्यक्रम के लिए तैयार किया जा रहा है। इस समागम में विभिन्न संगठनों और संघर्षरत कार्यकर्ताओं को एक मंच पर लाकर यह संदेश दिया गया कि अब समय आ गया है जब जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सशक्त कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा, ष्हम चाहते हैं ऐसा बिहार जहां युवाओं को रोजगार मिले, श्रमिकों को उनके अधिकार मिले, और सबसे जरूरी बात यह है कि बिहार के विकास का फोकस समाज के निचले तबके तक पहुंचे। कॉमरेड संदीप सौरभ ने राज्य और केंद्र की भाजपा सरकारों पर भी आरोप लगाया कि ये सरकारें जनहित के मुद्दों से ध्यान भटकाकर समाज में नफरत और साम्प्रदायिकता का माहौल बना रही हैं। उन्होंने कहा, ष्आज के दौर में सरकारें चुनावी ध्रुवीकरण का सहारा लेकर जनता की समस्याओं को नकार रही हैं। मुख्यधारा मीडिया को भी सरकार के इस एजेंडे का हिस्सा बना लिया गया है। उन्होंने गंगा–जमुनी तहजीब और भारत की सांस्कृतिक विरासत को बचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सौरभ ने कहा, ष्हम एक ऐसा भारत चाहते हैं जहां धार्मिक समानता और भाईचारे का माहौल हो, न कि नफरत और धर्म के नाम पर राजनीति का खेल खेला जाए। समागम में पोलित ब्यूरो सदस्य और राज्य सचिव कॉमरेड कुणाल ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि बिहार के बदलाव की लड़ाई सिर्फ बिहार की नहीं, बल्कि पूरे देश की लड़ाई बन चुकी है। ष्देश में आज संविधान और लोकतंत्र पर संकट मंडरा रहा है। जब से भाजपा सत्ता में आई है, संविधान को खत्म करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। संविधान को अगर गलत हाथों में दिया जाए तो यह देश के लिए खतरे की घंटी हो सकती है, उन्होंने कहा।

बजट और गरीबों की स्थिति पर सवाल उठाया

समागम में सरकार के हालिया बजट पर भी चर्चा की गई। कॉमरेड कुणाल ने आरोप लगाया कि इस बजट से गरीबों और मजदूरों की स्थिति में कोई सुधार नहीं होगा। देश में 84: परिवार ऐसे हैं जिनकी मासिक आय 20,000 रुपये से कम है। लेकिन सरकार ने बजट में किसानों, मजदूरों और युवाओं के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सरकार ने मिडिल क्लास को फायदा पहुंचाने के लिए टैक्स स्लैब को बढ़ा दिया, लेकिन गरीबों के लिए कोई ठोस नीति नहीं लाई गई। ष्बजट में मनरेगा के लिए कोई वृद्धि नहीं की गई, जबकि महंगाई बढ़ गई है और देशभर में बेरोजगारी की स्थिति चिंताजनक हो गई है।

## विकसित भारत की दिशा में ऐतिहासिक बजट: प्रभात राज चौहान



नगरनौसा (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी , बिहार प्रदेश सोशल मीडिया सेल के क्षेत्रीय प्रभारी प्रभात राज चौहान ने आम बजट 2025–26 पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे षविकसित भारत का बजटष करार दिया। उन्होंने कहा कि बजट में 12 लाख रुपये तक की आय पर कर छूट से उपभोग में वृद्धि होगी, जिससे न केवल अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार ने मखाना बोर्ड का गठन कर किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। साथ ही, पश्चिम कोशी नहर योजना के माध्यम से बाढ़ प्रभावित कोशी क्षेत्र के लिए बजट में ठोस समाधान पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि नालंदा और बोधगया में पर्यटन विकास की योजनाओं की घोषणा से जिले में हर्ष का माहौल है। साथ ही, प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों जैसे आईआईटी के विस्तार को देश के ज्ञान–विज्ञान के क्षेत्र में मजबूती के रूप में देखा जा रहा है। प्रभात राज चौहान ने कहा कि बिहार को इस बजट से कुल 1.43 लाख करोड़ रुपये की राशि प्राप्त होगी, जिससे रोजगार सृजन के साथ–साथ संरचनात्मक विकास को भी बल मिलेगा। उन्होंने गर्व व्यक्त किया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मधुबनी पेंटिंग की साड़ी पहनकर बजट पेश किया, जिससे बिहार की सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय मंच पर पहचान मिली। उन्होंने कहा कि बजट की घोषणाओं से शेयर बाजार में भी सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली और बजट भाषण के दौरान सेंसेक्स अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। प्रभात राज चौहान के साथ नालंदा जिले के अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस ऐतिहासिक बजट के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी और इसे ष्देश को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।

## नालंदा रेड क्रॉस सोसाइटी का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 116 मरीजों ने लिया लाभ

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा के प्रांगण में रविवार को साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और चिकित्सा परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद एवं असहाय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। शिविर में बिहारशरीफ के प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा 116 मरीजों की जांच की गई और उचित चिकित्सा परामर्श दिया गया। इस अवसर पर डॉ. श्याम बिहारी (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. उमेश कुमार सिन्हा (फिजिशियन), डॉ. वीरेंद्र कुमार (फिजिशियन), डॉ. प्रशांत कुमार (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. रवि कुमार (दंत चिकित्सक), डॉ. सुरभि खत्री (फिजियोथैरेपिस्ट) और डॉ. गौतम कुमार (होम्योपैथिक चिकित्सक) ने अपनी सेवाएं दीं। इसके अलावा, रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से 41 लोगों की मधुमेह जांच की गई, और डॉ. गौतम कुमार द्वारा 30 मरीजों को होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श एवं निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं। उनके इस योगदान के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी, नालंदा ने आभार व्यक्त किया। शिविर के सफल संचालन में सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप पासवान, राकेश कुमार पंकज, प्रमोद पंडित, प्रो. स्वधर्म, अधिवक्ता शंभू कश्यप, बृज बिहारी रविंद्र पंडित, अरुण कुमार सिंह, ममता कुमारी, राजीव कुमार, एएनएम मुस्कान कुमारी, डॉ. एस.एम. मुजफ्फर जमाल और पवन कुमार सक्सेना ने सक्रिय भूमिका निभाई। रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बताया कि यह



साप्ताहिक शिविर हर रविवार आयोजित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

## दो गांवों से मवेशी चोरों ने चार भैंस चुराया

बेन (अपना नालंदा)। बेन थाना क्षेत्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने मखदुमपुर और कोनहारापर गांव से चार भैंसों की चोरी कर ली। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है और उन्होंने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मखदुमपुर गांव निवासी किशोरी रविदास और छोटे रविदास की एक–एक भैंस चोरी हो गई, वहीं कोनहारापर गांव के सुरेश यादव की दो भैंसें चोर ले उड़े। चोरी हुई सभी भैंसों की कीमत प्रत्येक 50,000 रुपये से अधिक बताई जा रही है। भैंस चोरी की इस घटना के बाद से ही ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में मवेशी चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस इस पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार, चोरों ने इस घटना को देर रात अंजाम दिया। जब सुबह पशुपालक अपने पशुओं को देखने पहुंचे, तो भैंसों के गायब होने का पता चला। इसके बाद उन्होंने आसपास खोजबीन शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में मवेशी चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। मवेशी चोरी की घटनाओं से पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। भैंसों की कीमत हजारों रुपये में होती है और यह ग्रामीणों की आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत होती हैं। ऐसे में, चोरी की घटनाएं उनकी आजीविका पर सीधा असर डालती हैं। बेन थानाध्यक्ष ने बताया कि भैंस चोरी की सूचना दी गई है।

## जगदेव बाबू ने अपना संपूर्ण जीवन समाज में समानता और न्याय के लिए समर्पित कर दिया:-रामदेव प्रसाद



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सर्वोदय नगर में अतिपिछड़ा/दलित/अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में बाबू जगदेव प्रसाद की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदेव चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष सह संस्थापक बलराम साहब ने संयुक्त रूप से कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद बिहार के एक क्रांतिकारी नेता थे, जिन्हें शबिहार के लेनिनश के रूप में जाना जाता है। उन्होंने समाज में समानता और न्याय के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। बाबू जगदेव प्रसाद का जन्म 2 फरवरी 1922 को जहानाबाद के कुर्था प्रखंड के कुरहारी गांव में हुआ था। उनके पिता प्रयाग नारायण शिक्षक थे, जबकि माता रासकली अनपढ़ थीं। प्रारंभिक शिक्षा के बाद वे उच्च शिक्षा के लिए जहानाबाद गए। संघर्षशील प्रवृत्ति के कारण वे बचपन से ही सामाजिक न्याय की लड़ाई में सक्रिय हो गए। 1967 में उन्होंने शशोषित दलश नामक पार्टी की स्थापना की और समाज में बराबरी के अधिकार के लिए आंदोलन चलाया। उनके प्रसिद्ध नारेकृ ष्सौ में नब्बे शोषित हैं, नब्बे भाग हमारा है आज भी जनमानस में गूंजते हैं। 5 सितंबर 1974 को कुर्था में सत्याग्रह के दौरान पुलिस ने उन पर गोली चला दी, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने उनके विचारों को आगे बढ़ाने और उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षक अजीत कुमार, टी.पी. सिंह, राजबलम रविदास, पुदीना रविदास, महेंद्र रविदास, जयराम दास, रामप्रवेश पासवान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्ति पर नवोदय विद्यालय के कार्यालय अधीक्षक त्रिवेणी तिवारी को दी गई भावभीनी विदाई



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, राजगीर के कार्यालय अधीक्षक त्रिवेणी तिवारी 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। त्रिवेणी तिवारी 25 जनवरी 1991 से लगातार जवाहर नवोदय विद्यालय में अपनी सेवा दे रहे थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने छह अलग–अलग विद्यालयों में कार्य किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य सुषमा वर्मा ने उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि तिवारी कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार कार्यालय अधीक्षक रहे हैं। वे अपनी ड्यूटी के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित थे और दायित्वों का पालन निष्ठा से करते थे। उन्होंने कहा कि तिवारी जी से लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। विदाई समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक, कार्यालय कर्मी और बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## सब्जी उत्पादन करने वाले किसानों को नहीं मिल रहा उचित मूल्य :-कंचन कुमारी



नगरनौसा अपना नालंदा। प्रखंड के टमाटर और बैंगन उत्पादक किसानों को इस बार उचित मूल्य नहीं मिलने के कारण भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। नगरनौसा प्रखंड सब्जी उत्पादक सहयोग समिति लिमिटेड की अध्यक्ष कंचन कुमारी ने बताया कि प्रखंड के कैला पंचायत के कैला, मकदुमपुर गढ़ियापर, रामचक, दुधैला, प्रेमन बिगहा, लोदीपुर, हरगोपालपुर, उस्मानपुर और महमदपुर गांवों में बैंगन और टमाटर की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। इस वर्ष प्रखंड में कुल 252 हेक्टेयर भूमि पर टमाटर और बैंगन की खेती की गई है, जिससे प्रतिदिन 62 मीट्रिक टन उत्पादन हो रहा है। प्रखंड के अधिकांश किसान खेतों को नगद पट्टे पर लेकर सब्जी की खेती करते हैं। किसान रमेश पासवान ने बताया कि धान और गेहूं की खेती के लिए पट्टे की दर रु15,000 से रु18,000 प्रति वर्ष होती है, जबकि टमाटर और बैंगन की खेती के लिए यही दर रु25,000 से रु30,000 प्रति वर्ष तक पहुंच जाती है। गढ़ियापर के किसान अरविंद कुमार, संजीत कुमार और जगदीश यादव ने बताया कि वे 10–10 बीघा भूमि पर बैंगन की खेती कर रहे हैं। एक बीघा में बैंगन की खेती पर रु 61,000 तक खर्च आता है, लेकिन अभी तक लागत का आधा भी वसूल नहीं हो पाया है। किसानों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि खेतों में फसल तोड़ने के लिए तैयार है, लेकिन उचित दाम देने वाले खरीदार नहीं मिल रहे हैं। इससे किसान भारी घाटे में हैं और उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। किसानों ने प्रशासन से उचित मूल्य दिलाने की मांग की है ताकि उनकी मेहनत बेकार न जाए।

## सरकारी व निजी विद्यालयों में गरीब बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत:- हरिनारायण सिंह




हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय बाजार में विधायक हरिनारायण सिंह ने रविवार को एक निजी स्कूल का उद्घाटन फिता काटकर किया। वहीं विधायक श्री सिंह ने कहा कि विद्यालय का शुभारंभ एक सराहनीय कदम है। विद्यालय के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि देहात व शहरी क्षेत्रों के बच्चे इस विद्यालय में पढ़कर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा हासिल कर सकेंगे। सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में गरीब बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, ताकि गरीब परिवारों के बच्चे भी स्तरीय शिक्षा ग्रहण कर सकें। इन्ही बच्चों में से आगे चलकर कोई वैज्ञानिक,चिकित्सक , अभियंता न्यायधीश व प्रोफेसर बनेगा। मौके पर विधायक पुत्र सह जदयू के जिलाध्यक्ष अनील कुमार सिंह ,भाजपायुमो के प्रदेश प्रवक्ता सन्नी कुमार पटेल , जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार ,भाजपा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष मुकेश कुमार , जदयू प्रखंड , प्रवक्ता रौशन कुमार , पूर्व मुखिया राजीव रंजन सिन्हा ,स्कूल के प्रबंधक आशीष कुमार , प्राचार्य आरती सिन्हा , समाजसेवी चंद्रोदय कुमार , धनंजय कुमार समेत अन्य मौजूद थे।






## जन औषधि केंद्र में दवाइयां व सर्जिकल समान 50 से 90 फीसदी सस्ती मिलेगी:-डॉ. मनीष कुमार



हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय बाजार में रविवार को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर लोक नायक जयप्रकाश नारायण हॉस्पिटल पटना के चिकित्सक डॉ. मनीष कुमार , नपं के उप मुख्य पार्षद गीता देवी के प्रतिनिधि सुरेश सिंह व डॉ जवाहरलाल ने फीता पर काटकर विधिवत केंद्र का शुभारंभ किया। चिकित्सकों ने बताया कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर जेनेरिक दवा उपलब्ध हो जाने से गरीब और असहाय लोगों पर आर्थिक बोझ कम पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस औषधि केंद्र के खुलने से लोगों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवा मिलेगी। विशेष रुप से गरीब और वंचित लोगों के लिए सस्ती कीमतों पर दवाई उपलब्ध होगा। केंद्र के संचालक धनंजय कुमार ने बताया कि जन औषधि केंद्र में सैंकड़ों प्रकार की दवाइयां और सर्जिकल के समान मिलेगा। यहां पर बाजार के मुकाबले 50 से 90 फीसदी कम दामों में दवाएं उपलब्ध होगी। लोगो को सस्ती और गुणवत्ता-पूर्ण जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने की दिशा में यह अच्छा प्रयास है। इस मौके पर अश्विनी कुमार , अरुण कुमार , बबीता , अनु , अनामिका , बंदना समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## फुटपाथ दुकानदार समाज का अभिन्न अंग:- डॉ . प्रेम कुमार



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि फुटपाथ दुकानदार समाज के अभिन्न अंग हैं और उन्हें बेवजह परेशान करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वह रविवार को आरआईसीसी में फुटपाथ दुकानदार अधिकार मंच द्वारा आयोजित राष्ट्रीय वेंडर्स दिवस सह कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि वेंडर्स देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने डीएफओ, एसडीओ और रेंजर द्वारा दुकानदारों को तंग किए जाने के मामले की जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पीएम स्वनिधि योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार छोटे व्यापारियों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए प्रयासरत है। फुटपाथ दुकानदार अधिकार मंच के राज्य समन्वयक डॉ. अमित कुमार पासवान ने राजगीर के फुटपाथ दुकानदारों के लिए वेंडिंग जोन बनाने की मांग की। नासवी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह ने पथ विक्रेता कानून 2014 को प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर कई सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का किया ऐलान, नागरिकों को हो रही परेशानी



इस्लामपुर(अपना नालंदा)। नालन्दा फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के आह्वान पर इस्लामपुर प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं ने एक फरवरी 2025 से आठ सूत्री मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। एसोसिएशन के अनुसार, डीलरों की प्रमुख मांगों में 30,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय, कमीशन में वृद्धि, अनुकंपा, साप्ताहिक अवकाश और गोदाम से वजन कर खाद्यान्न देने सहित अन्य मांगें शामिल हैं। गौरतलब है कि हाल ही में बिहार फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में जन वितरण विक्रेताओं ने पटना के गर्दनीबाग में आमरण अनशन किया था, जो अभी भी जारी है। बिहार फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के महामंत्री वरुण कुमार सिंह के आह्वान पर पूरे प्रदेश के जन वितरण विक्रेता 1 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इस हड़ताल के कारण आवश्यक वस्तुओं के उठाव और वितरण कार्य में गंभीर बाधाएं उत्पन्न हो गई हैं, जिससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## कुर्की जब्ती के दौरान दुष्कर्म के आरोपी नें थाना में किया आत्म समर्पण



हिलसा (अपना नालंदा )। रसोईया से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे शिक्षक मो.अम्मानुलाह गिलानी ने रविवार को फुलवारीशरीफ थाना में आत्म समर्पण कर दिया। सर्मपण उस समय किया गया,जब हिलसा के आर्य समाज स्थित उनके घर को कुर्की जब्ती किया रहा था। शिक्षक गिलानी पर उनके विद्यालय के रसोइया द्वारा हिलसा थाना में दूष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी थी। हिलसा में कांड संख्या 608/2024 दर्ज किया गया था।कई दिनों से फरार चल रहे शिक्षक गिलानी नें अपने घर की कुर्की जब्ती से बचाने हेतू फुलवारीशरीफ थाना पटना में आत्म समर्पण किया। हलांकि फरार चलने के कारण हिलसा थाना के एस.आई.शिल्पी के नेतृत्व में उनके घर पर इस्तेहार चिपकाया गया था। समय सीमा समाप्त होने के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हिलसा अमर कुमार के नेतृत्व में कुर्की जब्ती किया जा रहा था। लगभग दो बजे हिलसा थाना को सूचना मिली की आरोपी फुलवारीशरीफ थाना में आत्म समर्पण कर दिया है।




## भारत भ्रमण के दौरान हृदय गति रुकने से अरुण कुमार मौआर का निधन, गांव में शोक

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर प्रखंड के मेयार निवासी अरुण कुमार मौआर उर्फ अंचू बाबू का भारत भ्रमण के दौरान हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। अरुण कुमार मौआर, नालंदा कॉलेज के पूर्व प्राध्यापक ललित कुमार मौआर के पुत्र थे। मेयार गढ़ जमींदार परिवार से ताल्लुक रखने वाले अरुण कुमार सामाजिक और जनहितैषी विचारधारा के पोषक थे। मेयार निवासी समाजसेवी विनय कुमार सिंह ने बताया कि अरुण कुमार मौआर अपने परिवार के साथ भारत भ्रमण पर गए थे। उज्जैन में उन्हें हृदय संबंधी परेशानी हुई, जिसके बाद चिकित्सक के पास ले जाया गया, लेकिन वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस दुखद घटना से गांव में मातम पसर गया है। मेयार पंचायत के पैक्स अध्यक्ष एवं मुखिया प्रतिनिधि अरुण कुमार, पशुपति पांडेय, मदन मोहन उपाध्याय, अवधेश सिंह, अमरेंद्र कुमार, विनय कुमार सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

## पिस्तौल का भय दिखाकर कबाड़ व्यवसायी राजू रजक से 17,300 रुपए की लूट

इस्लामपुर ( अपना नालंदा)। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के पुरानी पोस्ट ऑफिस रोड में रविवार को बाइक सवार अपराधियों ने पिस्तौल का भय दिखाकर कबाड़ व्यवसायी से मारपीट करते हुए 17,300 रुपये लूट लिए। इस घटना के बाद पीड़ित राजू रजक ने इस्लामपुर थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। गौरतलब है कि इसी रोड पर शुक्रवार को सुबह जद(यू) नेता विनय प्रसाद से अपराधियों ने मोबाइल छीन लिया था। लगातार हो रही इन घटनाओं ने स्थानीय पुलिस की गश्ती व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि घटना की जांच जारी है और अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस दोनों मामलों के उद्भेदन के लिए सघन छानबीन कर रही है।

कविता

## 'मृत्यु से पहले एक बार मृत्यु'

मरने से पहले एक बार मरना है,
ताकि अमर हो सकूँ सदा के लिए।

गाना है हर क्षण मुझे –
मृत्योर्मा अमृतं गमय,
स्वच्छंद नील नभ में मेरा घर।
तो क्यों जीता मैं हर क्षण मर–मर?

मेरी कैसी यह विचित्र दुर्दशा है,
हाय! मुझे शरीर, समाज और संयोग ने कसा है।

एक विचित्र मूर्छा है छाया,
जान के भी विजय न पा सकूँ।
कैसी ये माया!

मेरे भीतर का दुर्योधन मानो जीत रहा है।
अर्जुन कुरुक्षेत्र के किसी कोने में न जाने क्या सोच रहा है?

स्मार्टफोन, आलस और वासना है आज का दुर्योधन,
जिसने लूटा है मानव का सच्चा आनंद धन।

हर क्षण जलता यहाँ ज्ञान का दिया,
फिर भी मेरे मन ने उस अमृत को न पिया।

मन के उस अंधियारे का वर्णन करने के लिए
मैं शब्द नहीं पाऊँ।
जहाँ कृष्ण, कबीर, बुद्ध, नानक भी नहीं पहुँच पाते।
हाय! यह कैसा भयाव्य और व्यथा योग्य दृश्य है!

माँ शारदे मेरे काले मन को सचेत कर दे,
वीणा के झंकार से अज्ञान को दूर कर दे।

माँगता हूँ वरदान आपके ही पर्व पर –
'मृत्यु से पहले एक बार मृत्यु'
ताकि अमर हो सकूँ सदा के लिए।



**चंदन रजक**


आप भी अपनी रचनाएं हमारे व्हाट्सएप नंबर पर भेजें :- संपादक
apnanalandaofficial881@gmail.com 70705 72018

# मवेशी चोरी के प्रयास में चोर की संदिग्ध मौत, नूरसराय पुलिस जांच में जुटी

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। नूरसराय थाना क्षेत्र के पपरनौसा गांव में 01–02 फरवरी की रात्रि को मवेशी चोरी करने आए अज्ञात चोरों में से एक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर नूरसराय थानाध्यक्ष सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीन–चार अज्ञात चोर एक पीकअप वाहन से पपरनौसा गांव में मवेशी चोरी के इरादे से पहुंचे थे। ग्रामीणों को संदेह होने पर उन्होंने चोरों को खदेड़ना शुरू किया। भागने के क्रम में एक चोर पीकअप वाहन पर चढ़ने का प्रयास कर रहा था, लेकिन उसके साथियों ने तेजी से वाहन भगाना शुरू कर दिया। इसी दौरान वह संतुलन खो बैठा और घसीटते हुए सड़क पर गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलते ही नूरसराय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चोर को इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। घटना को लेकर परिवादी धर्मवीर कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर नूरसराय थाना कांड संख्या 56/25 के तहत मवेशी चोरी के प्रयास को लेकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। साथ ही, पीकअप वाहन से गिरने के कारण हुई मौत के संबंध में भी अलग से मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया और अन्य विधि–सम्मत कार्रवाई की जा रही है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम बिहारशरीफ सदर अस्पताल में कराया गया है।



## सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर,
## अपना नालंदा परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाए !




ज्ञान, विद्या और संगीत की देवी माँ सरस्वती के आशीर्वाद से हर किसी के जीवन में उजाला हो और सफलता के नए मार्ग प्रशस्त हों। यह पर्व आपके जीवन में ज्ञान और समृद्धि की अनगिनत संभावनाएं लेकर आए। अपना नालंदा आपके साथ शिक्षा, संस्कृति और जानकारी का एक सशक्त माध्यम बनने की दिशा में सदैव तत्पर रहेगा। इस बसंत पंचमी पर हम आपके लिए नई सोच और ज्ञान का संकल्प लेते हैं।

देवी सरस्वती के आशीर्वाद से आपके जीवन में हमेशा शांति, सद्बुद्धि और प्रगति बनी रहे।

आप सभी को बसंत पंचमी की ढेरों शुभकामनाएं!

आपका अपना,
अपना नालंदा / अपना शहर, अपना खबर !


BEENFELD®
FIRE SAFETY AND SERVICES

All Types of Fire Extinguisher, Hydrant, Hoses, Refills, Complete Fire Protection & Safety Items

2nd Floor

Add: Bahadurpur Housing Colony, Bhoothnath Road, Patna 800026
+91 9241 666317 | +91 93414 92504 www.beenfeldfireservice.in

# जानकी शिशु महाविहार

शिशु स्वर से पंचम वर्ग तक

उपलब्ध सुविधाएँ

- शिशु स्तर से पंचम स्तर के बच्चों के पठन-पाठन की उत्तम व्यवस्था।
- बेहतर महौल में शिक्षण की व्यवस्था।
- C.C. T.V. कैमरा की व्यवस्था।
- स्मार्ट क्लास।
- सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था।
- खेल-खिलौना द्वारा शिशु शिक्षण की अनुपम व्यवस्था।
- उच्च स्तरी शिक्षकों की टीम
- खेल-कूद के लिए बड़ा मैदान।

नामांकन जारी है...



निदेशक : रणधीर रंजन



जानकी शिशु महाविहार



आधुनिक तकनीक | उर्जावान समूह | गुणवत्तापूर्ण शिक्षा | सृजनात्मक शिक्षण | प्रगति कार्यक्रम

9304290818, 7652231781

पता : भैंसासूर मोड़ से उत्तर, कागजी महल्ला, बिहारशरीफ (नालंदा)